
दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
मुरादाबाद से प्रकाशित
बर्षः- 05
अंकः- 106
मुरादाबाद
05 August 2025
(Tuesday)
पृष्ठः- 08
मूल्यः- 3.00 रूपया
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा,बहराइच, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन, आज दोपहर तीन बजे पैतृक गांव में अंतिम संस्कार

शिबू सोरेन वेंटिलेटर सपोर्ट पर थे। कई दिनों से उनकी हालत गंभीर बनी हुई थी। वे एक महीने से ज्यादा समय से राष्ट्रीय राजधानी के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था।झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वे 81 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांस ली। उनके बेटे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन




ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने एक्स पर लिखा, आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं... इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम लोगों ने शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया।इस बीच सर गंगा राम अस्पताल की ओर से बताया गया कि शिबू सोरेन को आज सुबह 8ः56 बजे मृत घोषित कर दिया गया। लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। वे किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और डेढ़ महीने पहले उन्हें स्ट्रोक भी हुआ था। पिछले एक महीने से वे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे।बताया गया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज शाम छह बजे झारखंड लाया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया जाएगा। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। अंतिम संस्कार दोपहर तीन बजे उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में किया जाएगा।81 वर्षीय शिबू लंबे समय से अस्पताल में नियमित रूप से इलाज करा रहे थे। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 24 जून को अपने पिता के अस्पताल में भर्ती होने पर कहा था, %उन्हें हाल ही में यहां भर्ती कराया गया था, इसलिए हम उनसे मिलने आए थे। उनकी स्वास्थ्य समस्याओं की जांच की जा रही है। शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता थे और उन्हें पार्टी के संस्थापक संरक्षक के रूप में जाना जाता है।शिबू सोरेन का जन्म 11 जनवरी 1944 को रामगढ़ के नेमरा गांव में हुआ था। बचपन से ही उन्होंने आदिवासी समुदाय की समस्याओं, शोषण और अन्याय को करीब से देखा। 1960 के दशक में उन्होंने आदिवासी अधिकारों और जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए संघर्ष शुरू किया। 1970 के दशक में उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा (छ्रस्रू) की स्थापना की। उनका मुख्य उद्देश्य अलग झारखंड राज्य की मांग को लेकर आंदोलन चलाना था। इस आंदोलन में उन्होंने आदिवासियों के जमीन छीनने, शोषण और अन्याय के खिलाफ आवाज उठाई। 1980 में शिबू सोरेन पहली बार लोकसभा सदस्य बने। इसके बाद उन्होंने कई बार संसद में आदिवासी मुद्दों को उठाया और झारखंड राज्य गठन की दिशा में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके प्रयासों और लंबे संघर्ष के परिणामस्वरूप 15 नवंबर 2000 को झारखंड राज्य का गठन हुआ। राज्य गठन के बाद शिबू सोरेन तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री बने- 2005, 2008 और 2009 में। हालांकि, राजनीतिक अस्थिरता और गठबंधन की खींचतान के कारण उनका कार्यकाल लंबा नहीं चल सका। इसके बावजूद उन्होंने आदिवासी कल्याण, रोजगार और बुनियादी ढांचे के विकास के लिए कई पहल की। उनकी राजनीतिक यात्रा में कई उतार-चढ़ाव भी आए। भ्रष्टाचार और हत्या जैसे गंभीर मामलों में वे आरोपित हुए, हालांकि बाद में कई मामलों में बरी भी हुए।

## राष्ट्रपति मुर्मू और PM मोदी ने किए शिबू सोरेन के अंतिम दर्शन, हेमंत-कल्पना को दी सांत्वना

झामुमो संस्थापक शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। उनके बेटे और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने यह जानकारी दी। 81 वर्षीय नेता का निधन एक राजनीतिक युग का अंत है। इस वजह से झारखंड विधानसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई, जबकि राज्य सरकार ने पूर्व मुख्यमंत्री के निधन के बाद तीन दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया। शिबू सोरेन किडनी संबंधी समस्याओं के कारण एक महीने से ज्यादा समय से दिल्ली के एक निजी अस्पताल में इलाज करा रहे थे। पीएम मोदी और राष्ट्रपति मुर्मू ने सर गंगाराम अस्पताल जाकर शिबू सोरेन के अंतिम दर्शन किए और हेमंत सोरेन को ढाढ़स बंधाया। उन्होंने कल्पना सोरेन को भी सांत्वना दी। इससे पहले हेमंत सोरेन ने %एक्स% पर पोस्ट किया, %आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सबको छोड़कर चले गए... मैं आज शून्य हो गया हूं।% राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने कहा कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर शाम लगभग 4 बजे रांची लाया जाएगा, जिसके बाद उसे मोरहाबादी इलाके में उनके आवास पर ले जाया जाएगा। मंगलवार सुबह 11 बजे उनका पार्थिव शरीर झारखंड विधानसभा लाया जाएगा और फिर रामगढ़ जिले में उनके पैतृक निवास नेमरा ले जाया जाएगा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्वीट किया, %झारखंड के पूर्व





मुख्यमंत्री शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। दुख की इस घड़ी में उनके परिजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की गई। उनका पूरा जीवन आदिवासी समुदाय के कल्याण के लिए समर्पित रहा, जिसके लिए उन्हें सदैव याद किया जाएगा।% इससे पहले शिबू सोरेन 19 जून से ही नेफ्रोलॉजी के वरिष्ठ सलाहकार डॉ. एके भल्ला की देखरेख में अस्पताल में इलाज करा रहे थे। डॉ. भल्ला ने बताया कि शिबू सोरेन को सुबह 8.56 बजे मृत घोषित कर दिया गया। डॉक्टर ने बताया, %वह गुर्दे की बीमारी से पीड़ित थे और डेढ़ महीने पहले उन्हें स्ट्रोक हुआ था। पिछले एक महीने से वह जीवन रक्षक प्रणाली पर थे।% अस्पताल ने एक बयान में कहा, %हमारी चिकित्सा टीम के सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद शिबू सोरेन का 4 अगस्त, 2025 को निधन हो गया।% शिबू सोरेन पिछले 38 वर्षों से झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता थे। उन्हें पार्टी के संस्थापक संरक्षक के रूप में जाना जाता था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने %एक्स% पर एक पोस्ट में कहा, %शिबू सोरेन का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी पहचान और झारखंड राज्य के निर्माण के लिए संघर्ष किया।

वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों को सशक्त बनाने के लिए विशेष रूप से समर्पित थे।% प्रधानमंत्री ने आगे कहा, %उनके निधन से बहुत दुःख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और प्रशंसकों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और संवेदना व्यक्त की। ओम शांति।% केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने %एक्स% पर कहा, %शिबू सोरेन के निधन से गहरा दुख हुआ है। वह भारतीय राजनीति के एक प्रमुख चेहरे थे, जिन्होंने अपना जीवन हाशिए पर पड़े लोगों के उत्थान और झारखंड की पहचान बनाने के लिए समर्पित कर दिया। उनकी विरासत पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी। उनके परिवार और अनगिनत प्रशंसकों के प्रति मेरी हार्दिक संवेदना। ओम शांति।% शिबू सोरेन के निधन पर राजनीतिक दलों के नेताओं ने शोक व्यक्त किया और उन्हें एक ऐसे महान व्यक्तित्व के रूप में याद किया, जिन्होंने आदिवासी समुदायों के अधिकारों की रक्षा की और झारखंड के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। द्रमुक सांसद तिरुचि शिवा ने कहा कि सोरेन का निधन देश और राजनीतिक क्षेत्र के लिए एक बड़ी क्षति है।भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने भी सोरेन को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मुझे संसद में उनके साथ काम करने का अवसर मिला। उन्होंने झामुमो सरकार को आज इस मुकाम तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उनका निधन झारखंड के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। गोड्डा के सांसद ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, %मैं बाबा बैद्यनाथ से प्रार्थना करता हूं कि वे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनके परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।%

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम नीतीश कुमार का बड़ा एलान; बिहार के रहने वालों को शिक्षक भर्ती परीक्षा में प्राथमिकता

तीन दिन पहले ही पटना में शिक्षक अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन किया था। छात्र नेता दिलीप समेत सैकड़ों अभ्यर्थियों ने सीएम नीतीश कुमार ने बिहार में डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग की थी। सीएम नीतीश कुमार ने उनकी गुहार सुन ली और यह बड़ी घोषणा कर दी है..चुनाव से पहले सीएम नीतीश कुमार ने अब शिक्षक अभ्यर्थियों को बड़ी सौगात दी है। वह जिस चीज की मांग पिछले कई महीनों से कर रहे थे, उसे सीएम नीतीश कुमार ने सुन लिया है। उन्होंने बुधवार को इसका एलान कर दिया है। सोशल मीडिया पर सीएम नीतीश कुमार ने कहा कि नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हमलोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है।सीएम नीतीश ने कहा कि शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों को प्राथमिकता देने हेतु शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह चौथे शिक्षक भर्ती परीक्षा (TRE-4) से ही लागू किया जाएगा। वर्ष 2025 मे´ TRE-4 एवं वर्ष 2026 में TRE-5 का आयोजन किया जाएगा। TRE-5 के आयोजन के पूर्व STET का आयोजन करने का भी निदेश दिया गया है।शिक्षक भर्ती परीक्षा डोमिसाइल नीति लागू करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने एक अगस्त को पैदल मार्च किया था।

## इसमें गलत क्या है?, । फॉर अखिलेश बोलने वाले सपा नेता पर FIR के बाद बोले राम गोपाल यादव



उत्तर प्रदेश में एबीसीडी पढ़ाने वाले समाजवादी पार्टी के नेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने पर सपा सांसद राम गोपाल यादव का बड़ा बयान सामने आया है। हाल ही में सपा नेता फरहाद आलम का एक वीडियो सामने आया था। ए फॉर अखिलेश%, %बी फॉर बाबासाहेब% और %पीडीए पाठशाला% विवाद को लेकर समाजवादी पार्टी के नेता फरहाद आलम के खिलाफ एफआईआर होने के बाद सपा सांसद राम गोपाल यादव का बयान सामने आया है। राम गोपाल यावद ने कहा कि जब उत्तर प्रदेश में अज्ञानी और छोटी मानसिकता वाले लोग सत्ता में बैठते हैं, तो ऐसी चीजें रोज होती हैं।आगे कहा कि अगर बच्चे शब्दों को एक तरीके से सीख सकते हैं, तो यह पढ़ाने का सबसे अच्छा तरीका है। वह इसे सरकारी स्कूल में नहीं पढ़ा रहे थे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर हम %ए फॉर अखिलेश%, %बी फॉर बाबासाहेब% पढ़ाते हैं, तो इसमें गलत क्या है? जिन्होंने एफआईआर दर्ज कराई है, उनके खिलाफ उनके अधिकारों के दुरुपयोग के लिए एफआईआर दर्ज होगी।

## अविमुक्तेश्वरानंद ने गोसेवा पर दिया जोर, कहा- महाराष्ट्र सरकार गायों के लिए बनाए प्रोटोकॉल

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद ने रविवार को गोसेवा पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र सरकार गो सम्मान के लिए तुरंत एक प्रोटोकॉल बनाए। शंकराचार्य ने मांग की कि भारत के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक %रामधाम% हो, यानी 100 गायों वाला एक गोशाला बनाया जाना चाहिए शंकराचार्य ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक यह घोषित नहीं किया है कि गाय का सम्मान कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि सरकार को एक प्रोटोकॉल बनाना चाहिए, ताकि लोग उसका पालन कर सकें और उसके उल्लंघन पर दंड भी तय करना चाहिए। शंकराचार्य ने आगे कहा कि देशभर में कुल 4,123 रामधाम बनाए जाएंगे। ये गौशालाएं दैनिक गोसेवा, संरक्षण और देशी नस्लों को बढ़ावा देने पर केंद्रित होंगी। गायों की देखभाल करते समय इस नियम का पालन करने वालों को आर्थिक पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने आगे कहा, %100 गायों की देखभाल करने वाले व्यक्ति को 2 लाख रुपये प्रति माह मिलेंगे।%शंकराचार्य ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सेंट्रल विस्टा स्थित नए संसद भवन के उद्घाटन के दौरान एक गाय को भी अंदर ले जाना चाहिए था।

## 5 वर्षों में 7.08 लाख करोड़ की जीएसटी चोरी पकड़ी गई, वित्त राज्य मंत्री ने लोकसभा में दिए आंकड़े

सरकार ने लोकसभा में बताया कि वित्त वर्ष 2025 में जीएसटी चोरी के 30,056 मामलों का पता चला। इनमें आधे से अधिक या 15,283 मामले आईटीसी धोखाधड़ी से संबंधित थे। इन मामलों में 58,772 करोड़ रुपये की कर चोरी की गई थी। सरकार की ओर से जीएसटी की चोरी पर लोकसभा में क्या कहा गया, आइए जानते हैं विस्तार से।केंद्रीय जीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों ने वित्त वर्ष 2024-25 तक पिछले पांच वर्षों में लगभग 7.08 लाख करोड़ रुपये की कर चोरी का पता लगाया है, इसमें लगभग 1.79 लाख करोड़ रुपये की इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की धोखाधड़ी भी शामिल है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने लोकसभा में इससे जुड़े आंकड़े साझा किए। सरकार की ओर से दिए गए आंकड़ों के अनुसार अकेले वित्त वर्ष 2024-25 में, सीजीएसटी फील्ड अधिकारियों की ओर से 2.23 लाख करोड़



रुपये से अधिक की वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) चोरी का पता लगाया गया है।सरकार ने लोकसभा में बताया कि वित्त वर्ष 2025 में जीएसटी चोरी के 30,056 मामलों का पता चला। इनमें आधे से अधिक या 15,283 मामले आईटीसी धोखाधड़ी से संबंधित थे। इन मामलों में 58,772 करोड़ रुपये की कर चोरी की गई थी। वित्त वर्ष 2023-24 में सीजीएसटी फील्ड अधिकारियों की ओर से 2.30 लाख करोड़ रुपये की जीएसटी चोरी का पता लगाया गया। इसमें 36,374 करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल थी। रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल है। पिछले पांच वर्षों (2020-21 से 2024-25) में, सीजीएसटी के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा 91,370 मामलों में लगभग 7.08 लाख करोड़ रुपये की कुल जीएसटी चोरी पकड़ी गई। इस अवधि के दौरान स्वैच्छिक जमा के माध्यम से वसूले गए कर 1.29 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहे। कर चोरी के आंकड़ों में वित्त वर्ष 2021 से वित्त वर्ष 2025 के बीच 44,938 मामलों में लगभग 1.79 लाख करोड़ रुपये की आईटीसी धोखाधड़ी शामिल है। चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार और जीएसटीएन कर चोरी को रोकने के लिए विभिन्न कदम उठा रहे हैं, जैसे ई-इनवॉयसिंग के माध्यम से डिजिटलीकरण, जीएसटी एनालिटिक्स, सिस्टम-फ्लैग्ड मिसमैच के आधार पर आउटलायर्स को उजागर करना, कार्रवाई योग्य खुफिया जानकारी प्रदान करना और जांच के लिए रिटर्न का चयन करना और विभिन्न जोखिम मापदंडों के आधार पर ऑडिट के लिए करदाताओं का चयन करना।

संपादकीय Editorial

# Do not adopt the Khokha attitude

If someone asks how Himachal is passing its days, everyone will tell based on their own convenience, their own politics and their own selfishness. If every day is breaking like a disaster, then will the monsoon session of the assembly be able to discuss the questions related to the existence and future of the hill state this time. We are becoming a state of Khokha attitude, where the governments are giving only soft messages to the public after spending their days on daily wages. If the thinking of the councilors in the Kangra District Council meeting is estimated, then neither good governance will ever come nor the state will be able to stand on its feet. The councilors, after drinking their electoral sips, put forward excellent demand letters, but they do not accept that the principles of self-reliance of the state can demand any fee. If vehicle parking fee is demanded in the arrangement of DC office parking in Dharamshala, then this economics hurts their eyes. One is also surprised at the points of consensus, discretion, dispute and debate of the state, where discussions have started in the streets of encroachment. Now, there are some advocates of social media who do not want to see the state walking on its own feet. Even if any local body dares to take action against encroachment, those who count the social media hits with the help of their mobile torch are pained as to why unwanted hawkers were removed from the city. Why the administration was seen to be active against illegal construction. Just ask your children who are paying electricity bills in different parts of the country on strict steps for employment. Have you ever thought how much tax your own children are paying under the eyelids of Noida-Mumbai or Gurgaon. We are carefree Himachalis, so we wear a political mask to hide the pain of the natural disaster that Seraj faced. Then the whole case starts to break our head as to why the students were removed from the wet foundation of a horticulture college and shifted to a safer place in this havoc. We do not want TCP law in the state, so the applications of our MLAs say, remove the ban on construction from the green belt or remove the entire status from SADA. Every citizen of the state should tell how Himachal will become self-reliant. The per capita income of this state has increased, but the per capita debt in the state has also increased. The public face of our thinking is different, while in private behavior we still want such government jobs where there is no question of accountability, no transfer or loyalty towards work. We want the entire structure and pattern to be government. Ask the councilors of Kangra District Council to tell that if they do not charge for the parking infrastructure built by borrowing lakhs from ADB, then how will these buildings be maintained or the loan be repaid. Have the councilors ever thought that how many water pipes buried in their area were wasted just like that? How many structures, how many instructions, how many plans and how many ideas of the government were wasted. Who will take care of the politics of leaving half-finished constructions, the politics of extravagance or the politics of sycophancy of power. We may or may not find the door of education in the small village school, but we will definitely find a well-dressed leader at the annual function's archway and by flattering him and eating the sweets of hospitality of the teacher community, we think that education will be enriched by these traditions or our own child will do something different, then we are not under any illusion.

# The much talked about SEIAA controversy: Many untouched issues and unanswered questions

The Supreme Court has sought a reply from the state government by August 12 on the controversy over the State Environment Impact Assessment Authority (SEIAA) working on environmental permissions in Madhya Pradesh. The state government has to respond to the PIL filed in the Supreme Court on August 12 regarding the much talked about SEIAA controversy related to the environment in Madhya Pradesh. There are many unanswered issues and questions related to this, which are yet to be revealed. Actually, SEIAA means State Environment Impact Assessment Authority, which is an authority of the Government of India. It is constituted by the central government. It works under their rules and provisions. The State Expert Appraisal Committee (SEAC) first receives applications for environmental permission, which it sends to SEIAA for permission with its recommendation. According to the provisions of the Government of India, SEIAA is the only authority that can give permission for this. The state government should not have any interference in this work. The state government appoints an officer as secretary to assist the CIA Authority locally. During the latest controversy, the state government had appointed 2013 batch IAS officer Uma Maheshwari as its secretary. In the controversial and much talked about case, when the SEAC sent 237 cases with its recommendation to the CIA for permission, these cases should have been presented before the CIA chairman. The limit was reached when the CIA chairman himself gave instructions to hold a meeting regarding this several times, but his instructions were also ignored and 45 days were wasted so that all the proposals become deemed. Deemed simply means that if the application is not resolved in 45 days, then the concerned applicant is capable on his own and assuming that I have got the permission (deemed), he can start working on his project. In such a situation, it is natural to raise the question that under which rules and provisions, the then Secretary of CIA, instead of presenting the proposal received from SEAC before the Chairman, considered it as deemed and presented it to the Chief Secretary for approval and the Chief Secretary also approved this proposal. There is no mention of the right to give such proposal and approve it anywhere in the rules and provisions. Now in this much discussed controversy, the state government has to reply on August 12 in the PIL filed in the Supreme Court. The problem with the government is that if it cancels the 237 permissions given, then it will be assumed that the government has accepted its mistake and if it does not cancel it, then it is not able to understand what answer to give. The state government is discussing at all levels to answer this PIL of total 193 pages. 237 permissions can be canceled - Meanwhile, according to sources in Vallabh Bhawan, the government can cancel the permission of 237 cases issued without the permission of the CIA Chairman to defend itself in this regard. Also, discussions are being held on how it can be made regular and as per rules. It will be interesting to see what answer the government prepares by this date? Also, what stand the Supreme Court takes in the matter on August 12? Buzz of appointments in corporations and boards - Encouraging news may be received soon for the leaders and workers of the Bharatiya Janata Party. The exercise to finalize the list of names for the appointment of officers in corporations and boards in Madhya Pradesh has intensified. In this regard, two long meetings have been held between Chief Minister Dr. Mohan Yadav with the BJP President as well as National Co-Organization General Secretary Shiv Prakash and State In-charge Mahendra Singh. The announcement can be made as soon as the list is stamped from Delhi. It will be interesting to see which leaders and workers the party gives importance to and who gets lucky? Fifth Principal Secretary posted in Raj Bhavan in one and a half years Navneet Kothari has recently taken over as Principal Secretary in the Raj Bhavan of Madhya Pradesh. He is the fifth IAS officer to come to this post in the last one and a half years. During these one and a half years, DP Ahuja was the first to be posted. After this, Sanjay Shukla was posted for only two and a half months, Mukesh Gupta for 9 months and KC Gupta for only 6 months. Just a couple of days ago, Navneet Mohan Kothari has taken over the charge of the post of Principal Secretary here in place of KC Gupta. In such a situation, it will be interesting to see for how many months Kothari will be able to serve here. All these officers are senior officers in the Indian Administrative Service and are of the level of Principal Secretary and Additional Chief Secretary. Jhabua Collector: Quick action in dumper accident raises questions- Jhabua Collector Neha Meena is known throughout the state for administrative innovation, sensitivity and public service. Her innovations have been awarded by the President and the Prime Minister, but the recent dumper accident has raised uncomfortable questions by the citizens of the district on the system of this public servant. The collector's official car was hit by a dumper. After this, within a few hours, action was taken against the dumper owner, illegal sand business, sealing of sand warehouse, penalty of lakhs, land investigation and rapid FIR. The question is how did every department wake up? Why is this agility and this swift action not taken in those accidents in which common citizens die every day after being hit by illegal dumpers? The truth is that the illegal sand business has been going on since forever. The administration's swift action is limited only to the point where it comes to some 'special' person. The common man is the victim of accidents. If someone is crushed or killed, then for the administration he is just a number, whose pain is drowned in the noise of the crowd. Now talking about former Chief Secretary Iqbal Singh Bains- Two things are coming to the fore regarding the former Chief Secretary of the state Iqbal Singh Bains, but both these things are contradictory to each other. According to sources, Iqbal Singh Bains is trying to get a post in the central government through his old contacts. On the other hand, the Madhya Pradesh government is preparing to tighten the noose on some of his cases. According to sources, the contractual appointment of IFS officer LM Belwal to the post of CEO in Ajeevika Mission may prove to be costly for Iqbal Singh. In such a situation, it will be interesting to see what will be the future of Iqbal Singh Bains in the coming times?

# Trump is working on a policy of pressure on India, many ups and downs were seen in his statements

The way India has strengthened its export side in recent years, isn't this kind of American pressure an attempt to set the stage for rivalry rather than cooperation in trade? The way US President Donald Trump was talking about imposing tariffs on different countries for some time now, was being considered a strategy of pressure in many ways. But the kind of decisions he has started taking on this issue now, it is clear that the decision to impose tariffs arbitrarily is being used as a tool to influence the policy of a country. In this sequence, Trump kept saying repeatedly in the past days that he would impose heavy tariffs on products imported from India. But in view of the ups and downs seen in his statements, it was expected that he would reconsider his stubbornness and adopt a liberal attitude towards India. Especially because during the last few years new doors of bilateral relations between India and America had opened and some activity had increased. It is worth noting that after some signs of deadlock emerged in the ongoing talks between America and India in the context of trade talks, Donald Trump announced a 25 percent duty on goods imported from India from August 1 and a penalty on buying oil from Russia. The way US President Donald Trump was talking about imposing duty on different countries for some time now, it was being considered a strategy of pressure in many ways. But the kind of decisions he has started taking on this issue now, it is clear that the decision to impose duty arbitrarily is being used as a tool to influence the policy of a country. In this sequence, Trump kept saying repeatedly in the past days that he would impose heavy duty on products imported from India. But in view of the ups and downs seen in his statements, it was expected that he would reconsider his stubbornness and adopt a liberal attitude towards India. Especially because during the last few years new doors of bilateral relations between India and America had opened and some activity had increased. It is worth mentioning that after some signs of deadlock emerged in the ongoing talks between America and India in the context of trade talks, Donald Trump announced a 25 percent duty on goods imported from India from August 1 and a penalty on buying oil from Russia. It is worth mentioning that a group of negotiators from America is going to visit India on August 25, which will participate in the next round of talks on the proposed trade agreement. The question is why did the American President feel the need to hurry up and announce the imposition of duty even before the efforts of trade talks were going on and reaching its conclusion. Will this decision not be considered a strategy to pressurize to take policy decisions in its interest in the trade talks? Trump's latest announcement will have less impact on India as compared to some other countries. One argument given is that India's duty has been very high, so America has done relatively less trade with it. If this is so, then there was a need to reach consensus between the two sides through dialogue on this issue, and not to directly create pressure by announcing heavy duties. Then what could be the meaning of the news of America's deal with Pakistan to 'develop oil reserves' in the meantime? it was expected that he would reconsider his stubbornness and adopt a liberal attitude towards India. Especially because during the last few years new doors of bilateral relations between India and America had opened and some activity had increased. It is worth noting that after some signs of deadlock emerged in the ongoing talks between America and India in the context of trade talks, Donald Trump announced a 25 percent duty on goods imported from India from August 1 and a penalty on buying oil from Russia. The way US President Donald Trump was talking about imposing duty on different countries for some time now, it was being considered a strategy of pressure in many ways. But the kind of decisions he has started taking on this issue now, it is clear that the decision to impose duty arbitrarily is being used as a tool to influence the policy of a country. In this sequence, Trump kept saying repeatedly in the past days that he would impose heavy duty on products imported from India. But in view of the ups and downs seen in his statements, it was expected that he would reconsider his stubbornness and adopt a liberal attitude towards India. Especially because during the last few years new doors of bilateral relations between India and America had opened and some activity had increased. It is worth mentioning that after some signs of deadlock emerged in the ongoing talks between America and India in the context of trade talks, Donald Trump announced a 25 percent duty on goods imported from India from August 1 and a penalty on buying oil from Russia. It is worth mentioning that a group of negotiators from America is going to visit India on August 25.

# दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर यातायात सामान्य, रूट डायवर्जन खत्म.. दौड़ने लगे सभी वाहन, चालकों व यात्रियों को राहत

दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बड़े वाहनों पर लगे पाबंदी को हटा दिया गया है। इसके साथ ही रूट डायवर्जन को भी खत्म कर दिया गया है। सभी जगहों पर यातायात सामान्य तरीके से चल रहा है। इससे यात्रियों और चालकों को राहत मिली है। कांवड़ यात्रा के चलते रूट डायवर्जन और दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर बड़े वाहनों की नो एंट्री खत्म कर दी गई है। इससे वाहन चालकों और यात्रियों को राहत मिलनी शुरू हो गई है। कांवड़ यात्रा के चलते रविवार को भगवामय हुए मुरादाबाद में हाईवे पर जाम की स्थिति रही।सोमवार दोपहर बाद पुलिस-प्रशासन ने दिल्ली रोड, रामपुर रोड, कांठ रोड सहित सभी प्रमुख मार्गों पर लागू रूट डायवर्जन को हटा दिया है। इसके साथ ही हाईवे पर यातायात पूरी तरह सामान्य करवा दिया गया है। रविवार को गजरौला से लेकर शहर तक हाईवे पर सिर्फ कांवड़ियों के वाहन और डीजे चलते नजर आए।दिल्ली रोड, कांठ रोड और रामपुर रोड पर शिवभक्तों का रेला उमड़ा रहा। कांवड़ यात्रा और भंडारों में प्रसाद पाने के लिए लोग भी सड़कों पर निकल आए थे। नतीजतन शहर की सड़कों और हाईवे पर जाम की स्थिति बन गई थी। चौधरी चरण सिंह चौक, पाकबड़ा, बुद्धिविहार और दिल्ली रोड पर लोगों को वाहनों की लंबी कतारों का सामना करना पड़ा।बाइक सवारों को पांच किलोमीटर की दूरी तय करने में एक घंटे से अधिक समय लग रहा था। पुलिस ने रविवार को विशेष सुरक्षा व्यवस्था के तहत एक लेन को कांवड़ियों के लिए आरक्षित किया था और बुद्धिविहार के रास्तों पर नाकेबंदी की गई थी। इससे डायवर्ट होकर आने वाले वाहनों को कई स्थानों से घूमकर गुजरना पड़ा।रामपुर रोड पर रहा कांवड़ियों का जमावड़ा- हरिद्वार से लौटते कांवड़ियों का जत्था रविवार देर रात तक रामपुर रोड पर डटा रहा। थकान के कारण कई कांवड़िए रेलवे स्टेशन, रोडवेज और अन्य स्थानों पर रुककर आराम करते नजर आए। पुलिस ने देर रात रामपुर रोड पर अतिरिक्त फोर्स तैनात कर स्थिति को संभाला।



# सावन के अंतिम सोमवार को गूंजे शिवालय, बारिश के बीच किया जलाभिषेक

सावन के आखिरी सोमवार को भारी बारिश के बीच शिवालयों में कांवड़ियों ने ब्रजघाट और



हरिद्वार से जल लाकर भोले बाबा को चढ़ाया। सोमवार तड़के से ही भक्तों का भमरौआ, रठौंडा और पंजाबनगर मंदिर में पहुंचना शुरू हो गया। भोले बाबा को प्रसन्न करने के लिए दूध, बेलपत्री चढ़ाई। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। डाक कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए छोटे वाहनों को जगह-जगह रोक दिया गया। बारिश में भी कांवड़िये कांवड़ लाकर मंदिरों की ओर जाते रहे।

# मुरादाबाद में देश का सबसे बड़ा वेस्ट म्यूजियम तैयार, सीएम योगी करेंगे उद्घाटन, चलेगी डिजिटल पाठशाला

मुरादाबाद के कांशीराम नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क में करीब 14 करोड़ रुपये की लागत से देश का सबसे बड़ा वेस्ट म्यूजियम बनकर तैयार है। इसका उद्घाटन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं। यह म्यूजियम स्कूली बच्चों से लेकर आम के प्रति जागरूक करेगा।मुरादाबाद पर्यावरण उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। कांशीराम 14 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ देश के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तैयारी है। यह म्यूजियम न सिर्फ शहर के स्कूली बच्चों से लेकर आम नागरिकों को 1100 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में बने इस वेस्ट डिजिटल तकनीक से दिखाया गया है। इसमें कचरा प्रबंधन से जुड़ी फिल्में दिखाई जाएंगी। स्क्रैप मटीरियल से बनाए गए सजावटी उत्पाद और पिक्चर गैलरी के जरिए यह भी बताया नुकसान पहुंचाता है और किस तरह उसे दोबारा बंटे इस म्यूजियम में अलग-अलग लेकर उसके वैज्ञानिक तरीके से निस्तारण तक के प्राकृतिक स्रोत, कचरा मानव जीवन के प्रणाली व जनभागीदारी, कूड़ा अलग करने के जिसमें गेम्स आदि की सुविधाएं दी गई हैं



लोगों को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण संरक्षण की दिशा में शहर एक और बड़ी नगर स्थित गौतम बुद्ध पार्क में तकरीबन का सबसे बड़ा वेस्ट म्यूजियम अब उद्घाटन के प्रस्तावित दौरे में इसका लोकार्पण कराने कूड़ा प्रबंधन की तस्वीर दिखाएगा बल्कि स्वच्छता के लिए प्रेरित भी करेगा। करीब म्यूजियम में कूड़े से जुड़े हर पहलू को ओपन थिएटर भी है जहां बड़ी स्क्रीन पर इसके साथ ही पुराने टायर, बेकार बोतलें, भी लोगों को दिखाए जाएंगे। विजुअल्स जाएगा कि कैसे कचरा हमारे पर्यावरण को उपयोग में लाया जा सकता है। छह जोन में सिलसिलेवार तरीके से कूड़े के स्रोत से की जानकारी दी जाएगी। इन जोन में कूड़े लिए क्यों हानिकारक है, कूड़ा प्रबंधन की बाद निगम की भूमिका, इंटरैक्टिव मॉडल और एक थिएटर भी शामिल हैं जिसमें कूड़े को फिर से किस तरह इस्तेमाल में लाया जा सकता है इसके लिए लोगों को प्रेरित किया जाएगा। स्वच्छता के लिए प्रेरित करेगा म्यूजियम - इस म्यूजियम में गीले व सूखे कचरे को अलग रखने के क्या फायदे हैं और ई-वेस्ट का किस तरह से निस्तारण करना है इसकी भी जानकारी विस्तार से दी जाएगी। निगम के अधिकारियों का दावा है कि यह म्यूजियम क्लीन मुरादाबाद, ग्रीन मुरादाबाद की दिशा में प्रेरक होगा और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण में शहर को अग्रिम पंक्ति पर लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।गेम खेलकर मिलेगा बिजनेस का आइडिया - म्यूजियम में कूड़े का निस्तारण कर जो लोग बिजनेस कर रहे हैं और बड़े-बड़े उद्योगपति बन गए हैं उनकी कहानी भी दिखाई जाएगी। बच्चों के लिए विशेष तरह के गेम्स भी तैयार किए गए हैं। बच्चे इस खेल को खेलकर बिजनेस का आइडिया प्राप्त कर सकते हैं। वेस्ट अवेयरनेस सेंटर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यह निगम के ड्रीम्ड प्रोजेक्ट्स में से एक है। मुख्यमंत्री को इस म्यूजियम का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया गया है। इस म्यूजियम से लोगों की कूड़े के प्रति सोच बदलेगी और वह नवाचार कर सकेंगे। - दिव्यांशु पटेल, नगर आयुक्त

# मुझे जेल भेज दो वरना कई ट्रेन फूंक दूंगा, इसलिए ट्रेनों पर पेट्रोल बम से हमला करता था दीपू; चौंकी पुलिस

मुरादाबाद- मुरादाबाद में ट्रेनों पर पेट्रोल बम से हमला करने वाला गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने पकड़े जाने पर पुलिस से कहा कि मुझे जेल भेज दो, वरना कई ट्रेन फूंक दूंगा। वह भाई की मौत से आहत है। युवक ने लगातार दो दिन ट्रेनों पर पेट्रोल बम दीपू सैनी (22) ने लगातार दो दिन ट्रेनों पर पेट्रोल बम बोर्ड तक शोर मचने के बाद रविवार को पुलिस ने उसे चंपारण सत्याग्रह एक्सप्रेस पर हमला करने वाले आरोपी ने ट्रेन फूंक दूंगा। जीआरपी-आरपीएफ की पूछताछ में आरोपी दिया, अब वह मौत का बदला लेगा। 31 जुलाई की शाम गुजर रही (15060) आनंदविहार-लालकुआं एक्सप्रेस पर फेंका। इससे एस-5 कोच में खड़े एक यात्री का हाथ हल्का पड़ गया। दूसरे दिन एक अगस्त की शाम चार बजे सत्याग्रह एक्सप्रेस पर वैसा ही हमला किया। गमीनत रही के कोच के अंदर नहीं गिरी। लगातार दो दिन घटना के और आरपीएफ की टीमें सतर्क हुईं। दो अगस्त को आरोपी की बोतल में पेट्रोल भरकर उसके ढक्कन पर एमसील



फेंका है।मुरादाबाद में लोकोशेड पुल के नीचे आरोपी फेंका। जीआरपी-आरपीएफ मुख्यालय से रेलवे गिरफ्तार कर लिया। लालकुआं एक्सप्रेस और पुलिस से कहा कि मुझे जेल भेज दो वरना कोई दीपू का कहना है कि उसके भाई को लोगों ने मार करीब 5:30 बजे उसने लोकोशेड पुल के नीचे से पर बोतल में पेट्रोल भरकर उसमें आग लगाकर ट्रेन जल गया। यात्री के तहरीर न देने पर मामला वह फिर लोकोशेड पुल के नीचे पहुंचा और चंपारण कि पेट्रोल भरी और आग से जलती हुई बोतल ट्रेन बाद मामला रेलवे बोर्ड तक पहुंच गया। जीआरपी फिर इसी तरह ट्रेन पर हमला करने के लिए बीयर लगाकर लाया। पुलिस ने उसे मौके से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से 560 रुपये और एक माचिस बरामद हुई है। अब रेलवे एक्ट की धारा 153 व बीएनएस की धारा 118, 327 के तहत उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। ई-रिक्शा चलाता है ट्रेनों पर पेट्रोल बम फेंकने का आरोपी - ट्रेनों पर पेट्रोल बम फेंकने वाले आरोपी दीपू ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि वह ई-रिक्शा चलाता है। उसकी छोटी कद-काठी के कारण कोई उसका सम्मान नहीं करता। कोई भी उसे पीट देता है। इससे वह परेशान है। उसके परिजनों ने पुलिस को बताया कि भाई की मौत के बाद वह परेशान रहता है। वह कहता है कि लोगों ने उसके भाई को मार दिया। जबकि परिजनों के मुताबिक उसके भाई ने आत्महत्या की थी। आरोपी ने दो दिन एक ही जगह ट्रेन पर जलती हुई पेट्रोल की बोतल फेंकी। यात्रियों के बयानों के आधार पर हमारी टीमों ने जांच की। तीसरे दिन उसे घटनास्थल से गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से पेट्रोल भरी बोतल बरामद हुई है जिसके मुंह पर कपड़ा और एमसील लगी थी।- अनिल कुमार वर्मा, सीओ जीआरपी

## संक्षिप्त समाचार

### युवती को अगवा कर ले जा रहा था युवक, शोर मचने पर लोगों को लगी भनक, कार में तोड़फोड़.. थाने का घेराव

रामपुर निवासी युवक ने युवती का कार से अपहरण करने की कोशिश की। शोर सुनकर ग्रामीणों ने कार रोक ली और युवती को छुड़ा लिया। युवक की पिटाई कर कार क्षतिग्रस्त कर दी। ग्रामीणों ने थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग करते हुए प्रदर्शन किया।रामपुर के कार सवार युवक ने युवती का अपहरण करने की कोशिश की। कार में बैठी युवती के शोर मचाने पर ग्रामीणों ने पीछा कर कार को घेर लिया और युवती को बचा लिया। इस दौरान कार सवार की पिटाई करते हुए कार भी तोड़ दी। युवक भागते हुए थाने पहुंचा।पीछे से पहुंचे ग्रामीणों ने कार्रवाई की मांग करते हुए थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। मामला क्षेत्र के एक गांव से जुड़ा है। यहां की रहने वाली युवती को रामपुर का एक युवक कार से अपहरण कर ले जा रहा था।युवती ने शोर मचाया तो ग्रामीणों ने बाइक से पीछा करते हुए कार को घेर लिया और कार में बैठी युवती को छुड़ा लिया। ग्रामीणों ने लाठी-डंडों से कार क्षतिग्रस्त कर दी। युवक की भी पिटाई की गई गई। युवक किसी तरह भागकर थाने पहुंचा और खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। उसका पीछा करते हुए थाने पहुंचे ग्रामीणों ने युवती के अपहरण के आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। युवती का भी कहना है कि युवक उसका कार से अपहरण कर ले जा रहा था लेकिन पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। थाना प्रभारी मनोज कुमार का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। युवक-युवती आपस में रिश्तेदार हैं। दोनों के बीच किसी बात को लेकर गलतफहमी हो गई है। तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।



### गली से अकेली गुजर रही थी महिला, तभी पीछे से आकर युवक ने की अश्लील हरकत, सीसीटीवी में कैद वारदात

मुरादाबाद- मुरादाबाद के थाना नागफनी क्षेत्र में महिला के साथ अश्लील हरकत की वीडियो सामने आया है। इसमें आरोपी पीछे से आकर महिला के साथ छेड़खानी करता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। इसके साथ ही उसकी तलाश की जा रही है। मुरादाबाद के थाना नागफनी क्षेत्र में बुर्का पहनी महिला के साथ युवक द्वारा की गई अश्लील हरकत का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। घटना तीन अगस्त की बताई जा रही है। महिला सामान लेकर घर लौट रही थी, तभी पीछे से आए एक युवक ने उसे जबरदस्ती पकड़कर अश्लील हरकत की।उसके शोर मचाने और विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग गया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसके बाद यह तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि युवक महिला को पीछे से आकर अचानक पकड़ लेता है।महिला छटपटाती और उससे बचने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। युवक उसके साथ लगातार गलत हरकत करता रहता है। घटना की सूचना मिलते ही नागफनी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान की जा रही है। उसे जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। इस शर्मनाक घटना के बाद सोशल मीडिया में भारी आक्रोश है। सभी ने आरोपी की जल्द गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस का कहना है कि मामले में कार्रवाई जारी है।



**क्यूँ न लिखूँ सच**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

**संपादक - नरेश राज शर्मा**

**मो. 9027776991**

**RNI NO- UPBIL/2021/83001**

**इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।**

ज़्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# उपायुक्त मनरेगा ने रोजगार सेवकों,तकनीकी सहायकों, सचिवों के साथ की बैठक दिऐ कड़े निर्देश

क्यूँ न लिखूँ सच/ अरविंद कुमार / पीलीभीत विकास खण्ड अमरिया में श्रीमती वंदना सिंह उपायुक्त मनरेगा पीलीभीत द्वारा रोजगार सेवकों, तकनीकी सहायकों, ग्राम पंचायत सचिवों की बैठक कर मनरेगा में हस्ल्क्ष करते समय नियमों को ध्यान में रखते हुए सभी स्तरों पर निगरानी तंत्र को मजबूत किए जाने के संदर्भ में गहन समीक्षा की गई। आज विकासखंड अमरिया के समस्त सचिव तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक की मनरेगा की गहन समीक्षा श्रीमती वंदना सिंह उपायुक्त महोदया द्वारा की गई?। जिसमें एनएमएमएस द्वारा सही तरीके से ऑनलाइन हाजिरी भरने के संबंध में शासन द्वारा निर्गत पत्र संख्या 1931 दिनांक 30 जुलाई 2025 के द्वारा



एनएमएमएस के द्वारा एनएमएमएसएफ के दुरुपयोग के संबंध में तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई एवं सभी स्तरों पर निगरानी तंत्र को मजबूत के जाने के संदर्भ में गहन समीक्षा की गई। श्रीमती वंदना सिंह द्वारा इसके अतिरिक्त 100 दिन का रोजगार मनरेगा श्रमिकों को देने पर भी जोर दिया गया एवं जिन जॉब कार्डो पर फोटो अपलोडिंग अब तक नहीं की गई है। उन सभी ग्राम पंचायत के रोजगार सेवकों को सचेत किया गया, एवं अगली मीटिंग तक कार्य को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही साथ श्रीमती वन्दना सिंह द्वारा आगामी 15 अगस्त 2025 के उपलक्ष में सभी अमृत सरोवरों पर साफ सफाई का कार्य झंडारोहण के साथ संस्कृतिक कार्यक्रम को कराया जाना हेतु कड़े निर्देश दिए गए?। 15 अगस्त को अमृत सरोवर पर होने वाले कार्यक्रमों, एवं ग्राम पंचायतों जिला अधिकारी महोदय के निर्देशों के क्रम में बरगद, पाकड़, पीपल तीनों पौधे के लगाने, एवं किए जा रहे शून्य मास्टर रोल पर कड़े निर्देश जारी किए और कहा कि किसी के द्वारा यदि अनियमितता की गई। तो उन लोगों पर कारवाही की जाएगी। बैठक में विकासखंड के अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी श्री शुभम सक्सेना समस्त पंचायत सचिव ,तकनीकी सहायक एवं रोजगार सेवक उपलब्ध रहे।

# पर्वतीय समाज की रामलीला पूर्वाभ्यास का हुआ प्रारंभ

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली। पर्वतीय समाज के 59वें रामलीला महोत्सव की तैयारी जोर शोर से चल रही हैं।इसी क्रम में स्थानीय कूर्मांचल नगर में भोले नाथ मंदिर परिसर में उमेश बिनवाल और आनंद सिंह मेहता के दिशा निर्देशन में रामलीला के पूर्वाभ्यास का आरम्भ हुआ। जिसमें पुराने और नवोदित कलाकारों ने प्रभु श्री राम का नाम लेकर अभ्यास किया।निर्देशकों ने कहा कि पुरातन संस्कृति से नई पीढ़ी का साक्षात्कार रामलीला के माध्यम से ही होता है।अध्यक्ष देवेन्द्र देवलिया ने कहा कि समाज के सभी लोगों से मेल मुलाकात भी इस माध्यम से होती है। महासचिव डॉ. नरेन्द्र बिष्ट ने कहा कि अपने पुरखों द्वारा आरम्भ करी गई परंपरा का निर्वाहन करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।इस अवसर पर उपाध्यक्ष मदन सिंह बिष्ट,कोषाध्यक्ष इन्द्र सिंह बिष्ट,सलाहकार कुँवर सिंह बिष्ट,वरिष्ठ सचिव चन्द्र प्रकाश जोशी,उपकोषाध्यक्ष जगदीश बिष्ट, संरक्षक गिरीश चंद्र पांडे,जीत सिंह बोहरा,संयुक्त सचिव विनोद तिवारी,पूरन जोशी,गोपाल सिंह राणा,अतुल डालाकोटि,दीवानी चंद,बालम सिंह मेहरा,श्याम सिंह मेहरा,दिनेश जोशी, सुभाष जोशी आदि मौजूद रहे।



# शहीद भाई फिल्म ने मचाया धमाल, जीता लोगो का दिल,फिल्म देख सांसद रूचिवीरा ने किया कलाकारों को सम्मानित

क्यूँ न लिखूँ सच/ डिलारी : फिल्म शहीद भाई की लोकप्रियता ने दुनिया भर के लोगो में एक अहम पहचान बना रही है। फिल्म का यूट्यूब प्रीमियर शनिवार को हुआ। फिल्म में मुरादाबाद और डिलारी के कलाकारों ने अभिनय किया है और इसकी कहानी भाई बहन और फौजी की जिंदगी पर आधारित है। इस फिल्म में कलाकारों ने फौजी को रियाल होरो बताया है। यह फिल्म देश के लिए शहीद भाई और रक्षा बंधन पर्व को लेकर फिल्माई गयी है। आज यह फिल्म लोगो के दिलो को जीत रही है। भारतीय फौजी और रक्षा बंधन पर्व पर आधारित फिल्म को देख कर मुरादाबाद सांसद रूचि वीरा ने सभी कलाकारों के अभिनय से खुस होकर उन्हें सील्ड देकर सम्मानित भी किया है। और उनके द्वारा फिल्माई गयी फिल्म की भी खूब सहारना की है। ए पी गिल प्रोडेक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता अनू गिल और निर्देशक सिद्धांत सुधाकर हैं इस फिल्म में मुरादाबाद और डिलारी के कलाकारों ने काम किया है जिसमें अनू गिल और सिद्धांत सुधाकर , अल्फिया धर्मवीर आदि कलाकार इस फिल्मों में अपना हुनर दिखा रहे हैं।



# राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की उत्साह के साथ जयंती मनाई गई

क्यूँ न लिखूँ सच/- पवन कुमार/ कोंच(जालौन) मोहल्ला भगत सिंह नगर में स्थित गहोई धर्म शाला में देश के राष्ट्रकवि मैथिली शरण गुप्त की139 वीं जन्म जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया गहोई भवन में गहोई सेवा समिति के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में अतिथि के रूप में नगर पालिका परिषद कोंच के अध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता स्व राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट के डायरेक्टर और नगर पालिका परिषद कोंच के ब्रांड एंबेसडर ई राजीव रेजा और चिकित्सक डा हरिमोहन गुप्त महिला मंडल की अध्यक्ष रजनी डेंगरे और उपाध्यक्ष हेम प्रभा सोनी मंचस्थ रही और कार्यक्रम की अध्यक्षता गहोई सेवा समिति के अध्यक्ष आनंद सकेरे ने की इस आयोजित कार्यक्रम में नगर के अच्छे वक्ता मयंक मोहन गुप्ता ठेकेदार ई राजीव रेजा मनीष गुप्ता और होनहार बालक डुग्गू गुप्ता आदि ने अपने अपने विचार व्यक्त किये कार्यक्रम का सफल एवं शानदार संचालन गहोई सेवा समिति मंत्री विनोद एमएससी ने किया इस अवसर पर शिक्षाविद डा नीता रेजा प्रेमादेवी गुप्ता श्यामबाबू पहाड़िया मास्टर साहब आनंद सेठ काका जू अशोक गुप्ता पप्पू मनीष नगरिया बलराम डेंगरे बीरेंद्र बहरे केके गुप्ता अनिल लोहिया महावीर गुप्ता राजू रेजा रामबिहारी सुहाने कृष्ण कुमार कठिल राम बिहारी मनोज गुप्ता सहित तमाम समाज से जुड़ी महिलाएं पुरुष मौजूद रहे



# 06 अगस्त को मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली/ उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के दिनांक 06 अगस्त 2025 को प्रस्तावित आगमन एवं जनसभा कार्यक्रम के दृष्टिगत आज कार्यक्रम स्थल का व्यापक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों, पुलिस विभाग, नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के साथ स्थल पर व्यवस्थाओं की समग्र समीक्षा की गई। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात संचालन, जनसुविधाएं, साफ-सफाई, बैरिकेडिंग, वीआईपी मूवमेंट, मेडिकल सुविधा एवं आपातकालीन सेवाओं की बारीकी से पड़ताल की गई। भ्रमण के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और मुख्यमंत्री जी के आगमन से पूर्व सभी तैयारियां युद्धस्तर पर पूर्ण की जाएं। आमजन की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए भीड़ प्रबंधन, पीने के पानी की व्यवस्था, शौचालय, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं पंडाल की सुरक्षा को लेकर भी विशेष निर्देश दिए गए। जनसभा स्थल एवं उसके आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था और ट्रैफिक डाइवर्जन प्लान को लेकर भी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ताकि किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। इस दौरान यह भी सुनिश्चित किया गया कि कार्यक्रम की गरिमा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जनसभा के दौरान आमजन को कोई असुविधा न हो और कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो।



# लगातार हो रही बरिश से सड़कों पर सैलाब जैसे हालात, बाइक समेत नाले में गिरे दो कांवड़िये

क्यूँ न लिखूँ सच/ पं सत्यमशर्मा / बरेली/ बरेली में सावन के आखिरी सोमवार को जमकर बारिश हुई। इससे जल निकासी का सिस्टम फेल रहा। शहर के अधिकतर हिस्सों में जलभराव से लोग जूझे। सड़कों पर सैलाब जैसे हालात दिखे। जलभराव के कारण शिवभक्तों का मंदिरों तक पहुंचना मुश्किल हो गया। कई लोग गिरे। कुछ के वाहन बंद हुए। पशुपतिनाथ मंदिर के पास दो कांवड़िये बाइक समेत नाले में गिर गए। वहां मौजूद पुलिसकर्मियों ने लोगों की मदद से उन्हें बाहर निकाला। बाद में कड़ी मशक्कत के बाद नाले से उनकी बाइक निकाली गई। शहर की पॉश कॉलोनियां हों या फिर निचले इलाकों में बसी आबादी, जलभराव की तकलीफ से हर कोई जूझा। दो दिन से हो रही बारिश में जल निकासी का रहा बचा सिस्टम ओवरफ्लो हो गया। नतीजा मुंशीनगर, जगतपुर, सैलानी, सुरेश शर्मा नगर, चहवाई, मलूकनगर, सुभाषनगर समेत शहर के अधिकतर हिस्सों में सोमवार को दिनभर जलभराव बना रहा। खुले नाले वाले सुभाषनगर खन्ना बिल्डिंग के पीछे वाले, सैदुपर हाकिंस की बाला जी विहार कॉलोनी और जसौली प्राइमरी स्कूल के आसपास नाला और सड़क पर जलभराव होने से पता नहीं लग रहा था कि नाला कहां हैं और सड़क कहां है। लोगों के गिरने का खतरा रहा। सीएम ग्रिड के निर्माण कार्य की वजह से डीडीपुरम और एकतानगर में बुरा हाल रहा। मढ़ीनाथ, पशुपतिनाथ और वनखंडीनाथ मंदिर के मार्ग जलमग्न रहे। कांवड़ियों को मुश्किल हुई। साहू गोपीनाथ डिग्री कॉलेज के सामने मटकी चौकी इलाके में सड़क पर एक-एक फुट पानी भर गया। सुभाषगर पुलिया के नीचे पानी का तेज बहाव रहा। डेलापीर में जलभराव होने से ट्रांसफर स्टेशन से कूड़ा सड़क पर आ गया। झूले लाल द्वार की ओर जलभराव हो गया। कूड़ और जलभराव ने जाम के हालात बनाए। लोग फंसे रहे।



# रुक रुक कर हो रही बारिश ने गांधी नगर इलाके पानी ही पानी

क्यूँ न लिखूँ सच/- पवन कुमार/ कोंच(जालौन) कोंच नगर क्षेत्र में इस समय देर रात से रुक रुक कर हो रही बारिश न नगर में बाढ़ जैसी स्थिति बना दी है नगर के मोहल्ला गांधी नगर इलाके में रुक रुक कर होने वाली बारिश के पानी ने इस इलाके के लोगों की नींद हराम कर रखी है मिली जानकारी में इस गांधी नगर इलाके में इस बारिश के पानी ने पूरे सड़क पर पानी ही पानी आ गया है और अब इस इलाके लोग सड़क पर भारी जल भराव होने से परेशानी में जी रहे है हालत यह है कि इस इलाके के बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे है और लोगो को अपने रोज मर्रा की खाने पीने की चीजें भी लाने में दिक्कत हो रही है और तो और पानी अधिक आने से लोग निकल नहीं पा रहे है और सड़क किनारे बने लोगों के मकानों में पानी आ रहा है लोग इस बारिश के पानी आने से बुरी तरह चिंता में डूबे है इस संबंध में नगर पालिका के गांधी नगर के सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया है कि इस इलाके के हालात बहुत खराब है इस वार्ड में राम लला मंदिर सड़क नर्सरी बाला मार्ग धनुताल स्थित काली माता मंदिर आदि को जाने वाली सड़कों पर पानी ही पानी आ गया है जिससे आवागमन बंद हो गया है बगल में बनी नहर भी इस समय रौद्र रूप दिखा रही है और नहर में अधिक पानी आने के कारण ओवर फ्लो चल रही है और इस कारण यह पानी रियाशी इलाको में आ गया है जिससे लोग परेशान नजर आ रहे है उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा कोई व्यवस्था नहीं की गई है फिलहाल इस इलाके में अधिक पानी आने से लोग आने जाने में दिक्कत महसूस कर रहे है



# स्व राम प्यारी देवी रेजा एजुकेशनल ट्रस्ट ने गरीबों को भोजन वितरित किया

